59वाँ अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया

बीदासर (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सोमवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में सीबीईओ किशन लाल गहनोलिया की अध्यक्षता में 59 वां अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक में साक्षरता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवी शिक्षकों, साक्षरता प्रभारी शिक्षकों और पांच श्रेष्ठ लर्नर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक में साक्षरता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले साक्षरता प्रभारी शिक्षक नरेश कुमार राउमावि ढढेरू भामूवान, हुक्माराम जाट पीएमश्री धापू देवी चौरडिया राबाउमावि बीदासर, राजेन्द्र सिंह चनेजा राउप्रावि भोमपुरा, दिनेश दाधीच राउमावि उडवाला, स्वयं सेवी शिक्षकों में लाल सिंह ढढेरू भामूवान, दिनेश नायक चाडवास एवं छ नवसाक्षरों परमेश्वर माली व परमेश्वरी देवी साण्डवा, राजू राम व रोशनी दुंकर, सुशीला व नीलम बीदासर शहर को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीबीईओ किशनलाल गहनोलिया ने साक्षरता एवं सतत शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे साक्षरता संबंधी कार्यों की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि साक्षरता संबंधी कार्य बेमिसाल है। इस हेतु उन्होंने साक्षरता समन्वयक जयप्रकाश नारनोलिया का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि साक्षरता संबंधी कार्यों को बेहतरीन ढंग से करके दिखाया है। इस अवसर पर एसीबीईओ प्रथम बजरंग लाल तेतरवाल, एसीबीईओ द्वितीय चरण सिंह घोटड़, प्रधानाचार्य गीद्वाराम काछवाल ने शिक्षा है अनमोल रतन बताते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के बारे में विस्तार से बताया।

ब्लॉक साक्षरता समन्वयक जयप्रकाश नारनोलिया ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित बुनियादी, कौशल विकास, सतत शिक्षा, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, मतदान आपदा एवं प्रबंधन के संबंध में संभागियों को अवगत कराया। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत उल्लास ऐप्प के माध्यम से चिन्हित निरक्षरों को साक्षर बनाया जा रहा है।

समारोह में आये हुए सभी संभागियों को साक्षरता संकल्प पढकर सुनाया गया और साक्षरता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में राकेश आत्रेय, नरेश प्रजापत, अनवर खान, रामनारायण बेनीवाल, अर्जुनदास स्वामी, विकास गोस्वामी, मनोज सारस्वत, रमेश चैहान, शंकर लाल आदि सीबीईओ कार्यालय के कार्मिक और कई सामान्य शिक्षक, वीटी एवं नागरिक भी मौजूद थे।

'असाक्षर महिलाओं को शत प्रतिशत साक्षर कर जिले को अग्रिम पंक्ति में लाये'

चूरू (निसं)। पंचायत समिति सभागार में सोमवार को 59 वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य थी। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साक्षरता अधिकारी राजेंद्र प्रसाद गहलोत ने की।

इस अवसर पर जिला प्रमुख आर्य ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और पुरूषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। अगर महिलाओं को घर से बाहर निकलने की आजादी दी जाये और हर महिला को पढ़ने-लिखने का अवसर दिया जाये तो भारत ओर भी आगे बढ़ सकता है। आर्य ने असाक्षर महिलाओं को शत् प्रतिशत साक्षर कर जिले को अग्रिम पंक्ति में लाने पर बल दिया।

■ **59वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर 20 नव साक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों को सम्मानित किया**

चूरू पंचायत समिति सभागार में 59 वां अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गहलोत ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (2022-2027) में जिले की प्रगति से अवगत करवा कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित लक्ष्य 99223 असाक्षरों का सर्वे कर उनकों साक्षरता कक्षाओं में पढ़ाकर शत् प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की रुपरेखा बताई।

एसीबीईओ सूर्यकांत शर्मा ने चूरू ब्लॉक के सभी असाक्षरों को चिन्हित कर साक्षर करने की जानकारी दी। इस दौरान उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 नव साक्षरों व स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार ढाका, चिरंजी लाल सैनी, उम्मेद सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवाड़ी सहित अनेक महिला-पुरूष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह ने किया।

सार-समाचार

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार 9 सितम्बर को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके।

किसानों से गोदारा से मुलाकात की

नोहर (निसं)। यहां पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एंव उर्वरक एंव रसायन मंत्रालय के निदेशक काशीराम गोदारा ने अपने निवास स्थान पर पहुंचे हुए अमरसिंह ब्रांच नहर के टेल से जुड़े दो दर्जन गांवो जिनमें बिड भादरा, खचवाना, बरवाना, तेलियों की ढाणी, 11डी. पी. एन, 16 एन. टी. आर, सरदारगढिया, मूंसरी, करणपुरा, गौगामेडी, ढिलकी, उज्जलवास, दीपलाना, सोती, बिडबिराना, नोहर, भूकरका रामसरा, परलीका, बरवाली, निठराना, 16चक, बासडा, सैकेंड बासडा, 25 डी. पी. एन के किसानों से मुलाकत की। किसानों ने बताया कि सिंचाई पानी टेल तक नहीं पहुंचने के कारण फसल खराब हो रही है वहीं अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो आने वाली फसलों की भी बुआई किसान नहीं कर पाएगा। जिस पर पूर्व प्रदेश मंत्री काशीराम गोदारा ने सिंचाई अधिकारियों से बात की और किसानों को भरोसा दिलाया की जैसे ही जिला प्रशासन अतिवृष्टि व घग्घर नदी के ऊफान के कारण बने बाड़ के हालोतों को सुधार लेता है। उसके बाद तुरंत ही हम टेल तक सिंचाई पानी पहुंचाने के कार्य को अंजाम देंगे। गनिमत है जिले में जहां एक ओर किसान जल अभाव से पीडित है तो वहीं दुसरी ओर जल भराव के चलते दयनीय स्थिति को झेल रहा है। हनुमानगढ़ जिला घग्घर नदी के प्रकोप से बचने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर संघर्षरत है।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

पाटन (निसं)। 59वें अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर श्रीमती जमुना देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक (साक्षरता) श्री शिम्भु दयाल स्वामी ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (2022-2027) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल, वित्तीय, स्वास्थ्य और साइबर साक्षरता की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मतदाता साक्षरता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेता बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवर सिंह डूकिया, एसबीईओ महेश मीणा, संदर्भ व्यक्ति अशोक यादव, प्रधानाचार्य कैलाश गुर्जर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम की जानकारी दी गई और छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट, बेज व टोपी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुमेर सिंह ने किया।

पंजाब बाढ़ पीड़ितों के सहायता भेजी

चूरू (निसं)। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए ग्राम ढ्राणी रणवां के समस्त ग्राम वासियों के द्वारा राहत सामग्री की गाड़ी को रवाना किया गया। राहत सामग्री में गेहूं व बाजरे का आटा, तेल, अचार, गट्टे, कंबल, कपड़े सहित अनेक प्रकार की राहत सामग्री भेजी गई। राहत सामग्री से भरी गाड़ी को ग्राम वासियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजेंद्र रणवां, वरिष्ठ अध्यापक ओमप्रकाश रणवां, विजेंद्र खीचड़, पूर्व सरपंच तिलोकचंद मेघवाल, श्रवण रणवां, गोपीनाथ रणवां, डॉ प्यारेलाल दानोदिया, देवकरण रणवां, सुल्तान, मनोज ढकरवाल, महावीर खीचड़, मानसिंह रणवां बजरंग लाल रणवां, मानसिंह दानोदिया, प्रताप सिंह रणवां, रामेश्वर लाल रणवां, सोहनलाल खीचड़ सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री जनधन शिविर आज

सीकर, (निसं)। अग्रणी जिला प्रबंधक नंद लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन शिविर का आयोजन 9 सितंबर 2025 को नीमकाथाना के नयाबास, धोद के शाहपुरा, पलसाना के वैध की ढाणी, पिपराली के सकराय में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मुख्यधारा की बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री जनधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

सार-समाचार

राठौड़ ने पैराडाईज कैफे का शुभारंभ किया

चूरू (निसं)। शेखावत कॉलोनी में पैराडाईज कैफे का शुभारंभ रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने फिता काटकर किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण व भाजपा शहर अध्यक्ष धर्मेन्द्र राकसिया मंचस्थ अतिथि थे। कैफे के संचालक विजय कानोड़िया ने बताया कि हमारे यहां साउथ इंडियन, चाईनीज फास्ट फूड, डोसा, उत्तपम, इडली सांभर मेदू, वडा स्पेशल डिशेज उचित दर पर ग्राहकों को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की डिमांड के अनुसार हम उनको सभी प्रकार की वस्तुएं मुहैया करवायेंगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि ग्राहकों से मृदुल व्यवहार और क्वालिटी ही प्रतिष्ठान की पहचान बनाती है। इससे पूर्व अतिथियों का मार्ल्यापण कर व गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अतिथियों का तिलकार्चन कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सुरेश सारस्वत, सुशील लाटा, सत्यनारायण कानोडिया, शंकरलाल बालान, मुरली बालान, अजय कानोडिया, जयप्रकाश सिंगोदिया, एडवोकेट हरीश बालान, हरीश वर्मा, करण पंडित, पवन सैनी, सचिन प्रजापत, भरत, जुगल कम्मा, मोक्षित कनोडिया, निखिल प्रजापत, पीयूष, आयुष, यश, प्रीतम, श्रीकांत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

दी चूरू सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की साधारण सभा बैठक आज

चूरू (निसं)। दी चूरू सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड चूरू की 65 वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक मंगलवार को प्रातः 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी। प्रबंध निदेशक मदनलाल ने बताया कि बैठक में बैंक को वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित लेखों एवं वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट की अनुपालना पर विचार व अनुमोदन, बैंक के वर्ष 2024-25 के स्वीकृत बजट से अधिक हुए व्यय की पुष्टि, वर्ष 2025-26 हेतु स्वीकृत बजट का अनुमोदन, बैंक की वर्ष 2024-25 की विकास कार्य योजना की पुष्टि तथा भावी कार्यक्रम पर विचार व अनुमोदन, वर्ष 2025-26 के लिए रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां राजस्थान से राजस्थान राज्य सहकारी सोसायटी नियम 2003 के नियम 61 में प्राप्त की गई अधिकतम उधार सीमा छूट की पुष्टि, बैंक की वर्ष 2026-27 की अधिकतम साख सीमा निर्धारित करने पर विचार तथा वर्ष 2025-26 के लिये भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदित सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति के अनुमोदन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विचार किया जाएगा।

नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

सीकर (निसं)। स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत जिले में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को सीकर शहर के विद्यालयों में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में अभियान के तहत विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में एनटीसीपी के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में बच्चों को तम्बाकू उत्पाद से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी गई। विनायक स्कूल में कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। स्कूल कमेटी द्वारा प्रथम तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विनायक स्कूल के डायरेक्टर रमेश शास्त्री, प्रिंसिपल विजय वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। टीम मे शिवसिंह शेखावत साथ रहे।

विश्व साक्षरता दिवस 2025 के अवसर पर मतदाता शिक्षा के लिए बैठक आयोजित

सीकर, (निसं)। विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय, सीकर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के ईएलसी से जुड़े कैम्पस एम्बेसेडरों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य मतदाता शिक्षा की महत्ता को रेखांकित करना और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति युवाओं को जागरूक बनाना रहा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार कॉमर्स कॉलेज सीकर के कैम्पस एम्बेसडर आयुश शर्मा व अनुज जांगिड़ तथा श्रीकल्याण महिला महाविधालय सीकर से गरीमा शर्मा व कृतिका गौतम ने भाग लेकर कॉफी वीथ डीईओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये जाने वाले निर्वाचन अभियानों के संबंध में कैम्पस एम्बेसडर की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई है तथा निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक मतदाता शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जावे।

भामाशाह गोदारा को सम्मानित किया

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम चाड़वास के सेठ जुहार मल सेठिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को चार दिवसीय सम्पन्न हुई 69 वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय हैंडबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की समुचित भोजन, पानी, आवास व अन्य व्यवस्था करने वाली ग्राम पंचायत चाड़वास की सरपंच कांता देवी गोदारा व सरपंच प्रतिनिधि रामदेव गोदारा का जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रशस्ति पत्र, साल, साफा व माला पहनाकर एसीबीईओ बजरंग लाल तेतरवाल ने सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम सोनी, गोपीचंद जांगिड, ईश्वर सिंह, पीथाराम भार्गव, सुरेश जानू, मुरलीधर, पवन जांगिड़ सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

प्रिंस कुलहरि लेफ्टिनेंट बने

झुंझुनूं, (निसं)। बिशनपुरा निवासी प्रिंस कुलहरि भारतीय नौ सेना में चयनित होने के बाद ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) गया से प्रशिक्षण प्राप्त कर अब वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। इनके पिता अमीलाल कुलहरि भी भारतीय नौसेना में एमसीपीओ पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं। दो बडी बहन इंजीनियर रौनक एवं डॉ. रिंकू है। मां संगीता ने बताया कि प्रिंस की स्कूलिंग एनसीएस मुंबई से हुई तथा बाद में इन्होंने आईटी कंप्यूटर साइंस से की। रोडवेज में परिचालक पद पर रहे ताऊजी किशोर कुलहरि ने कहा कि परिवार में यह तीसरी पीढ़ी है जो लगातार देश सेवा में अपनी भूमिका निभा रही है। प्रिंस ने बचपन से ही देश सेवा का सपना देखा था। इसके लिए निरंतर प्रयास करता रहा। प्रिंस ने बताया कि मेरे दादाजी भी भारतीय सेना में रहे थे, उसके बाद पापा, जीजाजी लेफ्टिनेंट कर्नल दिनेश चाहर, कैप्टन प्रदीप तथा बहन मेजर अनु झाझडिया भी भारतीय सेवा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

श्रीमती नर्मदा देवी बिहानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बी. ए. में अध्यनरत छात्रा प्रियंका ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता मोहता पीजी कॉलेज सादुलपुर में आयोजित हुई जिसमें प्रियंका ने ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया है महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय स्टाफ एवं प्राचार्य के द्वारा खिलाड़ी का स्वागत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अमर सिंह मनपुरिया, खेल प्रभारी सुरेश बामणिया, शारीरिक शिक्षक डॉ. विक्रम नुईयां, भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ.सुरेंद्र चौधरी, डॉ. हरीश सबलानिया, डॉ. कृष्ण कासोटीया, किशन सैनी , राजेश चारण बबलू आदि मौजूद रहे।

कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर विद्यालय में स्वागत किया

जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने पर सम्मान किया गया।

राजलदेसर (निसं)। कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर राजलदेसर के विद्या भारती द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले भैया का आज वंदना सभा में सम्मान किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आठ संकुल से 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से अनिरुद्ध शर्मा 44 किलो भार, सौरभ सिंह 62 किलो भार, वीरेन गर्ग 38 किलो भार, निलेश माली 71 किलो भार में इन भईयाओं ने गोल्ड मेडल हासिल करके विजेता बने इन सभी को प्रधानाचार्य श्री कृष्ण स्वामी ने भईयाओं को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी तथा बताया कि ये सब अब प्रांत स्तर पर कोटपूतली के लिए जाएंगे। इस अवसर पर ममता स्वामी, विमल सेवदा, तारा दर्जी, रामनारायण मारु, काशीराम स्वामी, सुषमा सैनी बजरंग सिंह भाटी आदि संपूर्ण स्टाफ ने जीत के लिए अग्रिम बधाई दी।

योजनाओं की जानकारी दी

रतनगढ़ (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को एसडीएम ऑफिस के सामने एक विशेषविधिक जागरूकता शिविरका आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत ने वक्ता के रूप में भाग लेते हुए आमजन को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि द्वारा समय-समय पर जनहित में चलाई जाने वाली योजनाएँ समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए सहारा बन रही हैं।

शिविर में उपस्थित लोगों को संवाद योजना 2025, डॉन योजना 2025, जागृति योजना 2025, जेल में मानसिक रोगियों हेतु विशेष योजना 2024 तथा गरीबी उन्मूलन योजना जैसी प्रमुख स्कीमों की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई।अधिवक्ता प्रजापत ने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति को न्याय और कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ लें।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

रतनगढ़ (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा-रतनगढ द्वारा आज श्री अजीतसरिया गायत्री आदर्श विद्या मंदिर, रतनगढ़ में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर स्थानीय शाखा के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) वासुदेव चाकलान, शाखा सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय, प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बिदावत, और संस्था प्रधान योगिता स्वामी मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। श्री चाकलान ने भारत विकास परिषद् का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया वहीं राजेन्द्र सिंह बिदावत ने गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डाला। शैलेश शर्मा ने नशे के दुष्परिणाम बताये एवं पर्यावरण को संरक्षित करने का आव्हान किया।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर, झूंझुनूं
वादी सांवरमल विरूद्ध घीसा राम वगैरह
दावा बाबत घोषणार्थ रिकार्ड दुरूस्ती व विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा
सिविल वाद संख्या 323/2024

प्रेषिति-
मंजू देवी पुत्री झावरमल जाति खाती निवासी छावसरी तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झूंझुनू (राज.)
वादी....स्वयं...ने आपके विरूद्ध....नकल न्यायालय में उपस्थित होने पर दी जा सकेगी।
वाद के लिये संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 23.09.2025 को दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या ना हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 8/9/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर सहायक कलेक्टर, झुंझुनू

राजाणा वॉरियर्स ने राजलदेसर रॉयल्स को 60 रनों से हराया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर युवा भारती स्टेडियम में राजाणा क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 1 में सोमवार को चार मुकाबले खेले गए।

आयोजन समिति के दीपक मारु, राम पाण्डिया, राकेश जाट ने बताया कि दूसरे दिन का पहला मैच राजाणा वारियर्स व राजलदेसर रॉयल्स के बीच खेला गया जिसमें राजाणा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 163 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजलदेसर रॉयल्स 103 रन ही बना पाई राजाणा ने मुकाबला 60 रनों से अपने नाम किया मैन ऑफ द मैच शंकर धातरी रहे।

दूसरा मैच भार्गव 11 वह भाटी 11 के बीच खेला गया भाटी 11 ने तीन विकटों से भार्गव 11 को हराया मैन ऑफ़ द मैच अकरम रहे । तीसरा मैच केसरी इलेक्ट्रॉनिक व प्रजापति 11 स्टार के बीच खेला गया । केसरी इलेक्ट्रॉनिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 160 रन बनाए जवाब में प्रजापति 80 रनों पर ही ढेर हो गई।

मैन ऑफ़ द मैच मोहित कत्थक रहे। दिन का अंतिम मुकाबला किंग इलेवन राजाणा व फिक्सर इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें किंग इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 111 बनाए जवाब में फिक्सर इलेवन 98 रन ही बना पाई किंग इलेवन ने मुकाबला 12 रनों से अपने नाम किया। शानदार बल्लेबाजी करने वाले प्रभु मैन ऑफ द मैच रहे।

राजलदेसर युवा भारती स्टेडियम में राजाणा क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 1 में चार मुकाबले खेले गए।

उत्तर पश्चिम रेलवे
आवेदन सूचना
संख्या : वाणिज्य/एटीवीएम/ई-23782/2025/बीका. दिनांक 04.09.2025
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मंडल के NSG-2,3,4,5 एवं NSG-6 श्रेणी के 43 स्टेशनों पर, स्थापित स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (एटीवीएम) के माध्यम से कमीशन आधारित अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु सुविधा प्रदाताओं (फैसिलिटेटर) के चयन हेतु सेवानिवृत रेल कर्मचारियों उनके जीवनसाथी/ वयस्क बच्चों एवं आम जनता से आवेदन आमंत्रित किये जाने है। ठेके का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** बीकानेर मंडल के निम्न वर्णित – NSG-2 से NSG-6 तक की श्रेणी स्टेशनों पर एटीवीएम मशीन द्वारा अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु एटीवीएम फैसिलिटेटर का चयन हेतु आवेदन पत्र। चुरू, रतनगढ़, राजलदेसर, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर, हिसार, भिवानी, सूरतगढ़, लालगढ़, श्रीगंगानागर, सिरसा, सादुलपुर, कोसली, अनूपगढ़, मंडी-डबवाली, चरखीदादरी, लोहारू, लूणकरणसर, संगरिया, मेहन्द्रगढ़, श्रीविजयनगर, हनुमानगढ़-टाउन, पीलीबंगा, कालावाली, हांसी, मंडीआदमपुर, सादुलशहर, जैतसर श्रीकरनपुर, रायसिंहनगर, भट्टू, सिवानी, गोगामेड़ी, कलानोर-कला, तहसील-भादरा, नोहर, केसरीसिंहपुर, सूडसर, भिवानी सिटी, बवानीखेड़ा, रामसिंहपुर, ऐलनाबाद, हनुमानगढ़ जं। **3. जमा की जाने वाली धरोहर राशि :** रूपये = 50000/- (पचास हजार रूपये मात्र) एन. एस. जी-1 & एन. एस. जी-2 रूपये = 25000/- (पचीस हजार रूपये मात्र) एन. एस. जी-3,4,5,6 के लिए सावधि जमा रसीद (FDR), या MERS (Miscellaneous E-Receipts Portal) वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर के नाम देय हो। **4. कार्य अवधि :** 2 वर्ष की अवधि के लिए। **5. एनडब्ल्यूआर की वेबसाइट पर निविदा नोटिस और निविदा दस्तावेज अपलोड करने की तिथी :** दिनाक 04.09.2025 **6. निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख व समय :** 01.10.2025 से 03.10.2025 को 15.00 बजे **7. निविदा खुलने की तारीख व समय :** 03.10.2025 को 15.30 बजे **8. कार्यालय जहाँ से फार्म प्राप्त किया जा सकता है :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर। **9. वेबसाइट का विवरण :** http//www.nwr.indianrailways.gov.in 1125-CR/25
हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें